एक नजर में

ब्यूटी पार्लर का दिया प्रशिक्षण

उज्जैन। आत्मनिर्भर ग्रामीण हो, हर महिला के हाथ में हुनर हो, ऐसा प्रयास लिटिल एनर्जी शिक्षण समिति द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत गांव तालोद में एक महीने का ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गांव की बालिकाओं ने ब्यूटी पार्लर का कोर्स किया और मन लगाकर सीखा। समापन के अवसर पर रक्त संचार की सदस्य अलका शर्मा ने बताया कि आज महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। रक्त संचार समय समय पर कैंप लगाती है और महिलाओं को ब्लड डोनेट करने के लिए जागरूक करती है। समिति अध्यक्ष किरण सिसोदिया ने कहा कि एक माह से चल रहे प्रशिक्षण का आज समापन हुआ पर आप के जीवन की नई शुरुआत हुई है। आत्मनिर्भर बनने के लिए सभी बच्चियां खुद का पार्लर शुरू करें, सरकार की तरफ से बहुत सी योजनाओं का लाभ आप ले सकती है। इस अवसर पर श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के शिक्षा अधिकारी मयूर गंगराड़े द्वारा ऑनलाइन से सभी बालिकाओं को सरकार द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी ओर समिति के किए जा रहे इस प्रयास की भी सराहना की गई। संस्था द्वारा ऋषिका बैरागी, सिमरन, पलक पटेल, शिवानी चौहान, खुशी पटेल, रोशनी, स्वाति पटेल, रंजू पटेल सहित सभी बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भी प्रदान किये गए। समाजसेवी आशा शर्मा, मास्टर ट्रेनर सुलोचना मैडम ने एक माह में पूरी मेहनत से प्रशिक्षण दिया और आगे भी बालिकाओं को जानकारी देते रहेंगी। समापन पर विनिता शर्मा ने सायबर सेल की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे मोबाइल से होने वाले सायबर क्राइम से बचे ओर किसी को भी ओटीपी नहीं दे हमेशा जागरूक रहे।

ऑनलाइन क्विज के साथ होगा शिक्षक सम्मान

उज्जैन। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के तत्वावधान में 27 अगस्त से 11 दिवसीय गणेश उत्सव का भव्य आयोजन बुधवारिया स्थित खण्डेलवाल वैश्य पंचायत भवन में किया जाएगा। 27 अगस्त को श्री गणेश जी की स्थापना होगी एवं 28 अगस्त से प्रतिदिन समाज की उप संस्थाओं के द्वारा सामाजिक आयोजन होंगे जिसके अंतर्गत मेगा हाऊजी, प्रश्न मंच, फैंसी ड्रेस, भजन संध्या, रांगोली, ऑनलाइन क्विज, पुण्य उपदेश, शिक्षक सम्मान इत्यादि आयोजन होंगे। अंतिम दिवस 6 सितंबर को खण्डेलवाल भवन में ही भगवान श्री गणेश का विसर्जन खण्डेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा किया जाएगा। उत्सव प्रभारी देवेन्द्र जंघिनिया एवं समन्वयक राजेंद्र सोखिया ने बताया कि खण्डेलवाल वैश्य पंचायत अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, सहसचिव मनीष खण्डेलवाल, भवन प्रभारी मनीष मेहरवाल एवं सभी संस्था प्रमुखों की बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 अगस्त स्थापना पूजन के बाद से क्रमश: 28 अगस्त खण्डेलवाल क्वींस क्लब, 29 अगस्त खण्डेलवाल मित्र एवं आनंद परिषद, 30 अगस्त खण्डेलवाल लेडीज विंग, 31 अगस्त खण्डेलवाल युवा परिवार, 1 सितम्बर खण्डेलवाल महिला मंडल, 2 सितम्बर खण्डेलवाल युगल बीसी ग्रुप, 3 सितम्बर खण्डेलवाल प्रगति मंडल, 4 सितम्बर खण्डेलवाल एक्टिविस्ट, 5 सितम्बर खण्डेलवाल क्रिएटिव ग्रुप द्वारा श्री गणेश पूजन उत्सव के अंतर्गत सामाजिक आयोजन एवं संध्या आरती पूजन किया जाएगा। प्रतिदिन पूजन पंडित सुनील नाथूलाल शर्मा एवं पंडित हिमांशु शर्मा के द्वारा शाम 7 बजे से करवाया जाएगा। अंतिम दिवस 6 सितंबर को खण्डेलवाल वैश्य पंचायत द्वारा भवन में ही विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी जनसंपर्क एवं मीडिया प्रभारी अर्पित गुप्ता ने प्रदान की।

साधारण सभा में लिए महत्वपूर्ण निर्णय

उज्जैन। क्षत्रिय मराठा समाज में साधारण सभा का आयोजन मल्हार मार्तण्ड मंदिर के शिवाजी सभागृह में किया गया। जिसमें समाज के महत्वपूर्ण एजेंडो पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समाज के वरिष्ठ भास्कर राव जाधव, पूर्व अध्यक्ष यशवंत राव चव्हाण की उपस्थिति में हुई बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष अशोक कदम ने की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता पाटिल एवं उपाध्यक्ष प्रो मुकेश शिंदे द्वारा 3 वर्षों की उपलब्धियां एवं विभिन्न किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। आभार सहकोषाध्यक्ष प्रशांत शिंदे ने माना। इस अवसर पर अनीता शिंदे, रेखा कदम, ममता खोयरे, एकता शिंदे, चेतन कडेकर, निधी जाधव, ज्योति सबकाले, दीपा गावडे, उपाध्यक्ष जगदेव राव माहुरकर, सह सचिव प्रदीप शिंदे, दिलीप जाधव, यशवंत गोगरदरे, अनिल गावडे, राजेश खोयरे, राजहंस गायकवाड, ज्योति सबकाले, दीपा गावडे, विजय पाटिल, अनिल खोखले, अनिल बोड्के, प्रवीण जाधव, तुषार पवार, लक्ष्मण राव शिंदे, मनोहर भालेराव, विशाल महाडिक, डॉ विशाल शिंदे, दिनेश शिंदे, संजय कदम सहित अन्य समाजजन मौजूद थे।

ध्वज फहराती निकली बाबा रामदेवजी की सवारी

उज्जैन। महाकाल मंदिर के सामने कोट मोहल्ला स्थित यादव धर्मशाला के पास प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा रामदेवजी की शाही सवारी निकाली गई। ढोल नगा?ें संग ध्वज फहराती बाबा रामदेवजी की शाही सवारी में रास्ते में कई जगह पुष्पवर्षा हुई। मेवाड़ा भांबी समाज जन कल्याण समिति अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा ने बताया कि भादवा महीने की बड़ी दूज पर परंपरानुसार 41 सालों से लगातार शाही सवारी बाबा रामदेवजी की निकाली जाती है। इस वर्ष भी 25 अगस्त सोमवार को शाम 4 बजे धूमधाम से सवारी निकली जिसमें घोड़े, 10 ध्वज, ढोल बैंड, बाजे, ताशे, जांबाज, बग्घी सहित हजारों की संख्या में समाजजन शामिल होंगे। सवारी में बालयोगी उमेशनाथजी महाराज भी शामिल हुए। पालकी में प्रसाद वितरण किया गया। सवारी कोट मोहल्ला, महाकाल मंदिर के सामने से प्रारंभ हुई जो चौबीस खंबा माता मंदिर गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, छत्री चौक होते हुए बेगमबाग रो? से स्मार्ट पार्किंग महाकाल थाने से पुन: बाबा रामदेवजी मंदिर पहुंची। तत्पश्चात महाआरती की गई तथा हजारों की संख्या में समाजजनों द्वारा महाप्रसादी ग्रहण की। इस दौरान देवनारायण जयपाल, विजयसिंह बल, रघुनाथ सिंह कटारिया, देवीलाल सूर्या, अशोक परिहार, रतनलाल जावल, प्रकाश छापोला, मोहनलाल खण्डेला, संगठन मंत्री कमल पंवार, दशरथ जोदावत, प्रकाश कुरवाडिया, प्रवीण मेघवाल, प्रवक्ता जितेन्द्र परमार, महामंत्री मानसिंह झण्डेल, मानसिंह बगेरिया, शिवम राजोरिया, वीरेन्द्र चोरड़िया, प्रवीण जावल, सागर राजोरिया, गौरव पंवार, उमेश मेघवाल, राहुल परिहार, बंटी बगेडिया, मितेश नागोरिया, कपिल वर्मा, कान्हा खारी सहित समस्त नवयुवक मंडल उज्जैन एवं ब ?ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

नशा मुक्ति, गुड टच बेड टच के बारे में बताया

उज्जैन। समग्र स्वास्तिक परिवार एवं राम कृष्ण मिशन परिवार उज्जैन के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें नशा मुक्ति अभियान, गुड टच बेड टच के साथ ही सनातन धर्म से जुड़े विषयों पर अतिथियों ने बच्चों से चर्चा की। सेमीनार में अतिथि के रूप में शिवम गुरु उज्जैन संस्थापक अध्यक्ष समग्र स्वास्तिक परिवार, विजय गोस्वामी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महानगर में सामाजिक सद्भाव सह संयोजक, महेश तिवारी जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, सत्यनारायण सिंह, विजय चौहान, राजेश राठौर उपस्थित थे। संस्थापक प्रदीप सिंह, प्राचार्या मौलिश्री जायसवाल, व्यवस्थापक पवन शर्मा, नरेंद्रसिंह चावड़ा, लता रंजन, हर्षिता चौहान, वंदना शर्मा ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। संचालन नेहा शर्मा ने किया।

बन्द पड़े रीगल टॉकीज की जगह पर अब विकास की पिक्चर होगी रिलीज

गोपाल मंदिर पर सीएम देंगे बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री करेंगे शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए भूमि पूजन

27 अगस्त को आयोजित होगा कार्यक्रम

उज्जैन। बरसों पूर्व गोपाल मंदिर के सामने बंद हो चुके रीगल टाकीज की जमीन नगर निगम को मिल गई है। अब इस जमीन पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। 27 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यहां भूमि पूजन करेंगे।

रीगल टॉकीज की जमीन पर लगभग 26 दुकान और 40 लग्जरी कमरे बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अगस्त को इसका भूमि पूजन करने वाले हैं। यहां तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार गोपाल मंदिर, छत्री चौक, पटनी बाजार तरफ रीगल टॉकीज की जमीन पर नगर निगम आधुनिक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाएगा। इसकी डिजाइन तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री यहां भूमि पूजन करेंगे। निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित निगम सम्मिलन में शासकीय सेवकों की मृत्यु पर देय अनुग्रह राशि का पुनरीक्षण एवं अस्थाई कर्मचारियों का कर्मचारी राज्य बीमा में पंजीयन कराए जाने सम्बंधित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

उज्जैन नगर निगम परिषद का विशेष सम्मिलन सोमवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सम्मिलन की कार्रवाई राष्ट्रगीत के साथ आरंभ की गई जिसके उपरांत कार्यसूची के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया।

नगर निगम के आयोजित में यह हुए महत्वपूर्ण निर्णय

दूधतलाई सुदामा मार्केट के पीछे का सुलभ शौचालय तोड़कर नवीन सुलभ शौचालय बनाए जाने संबंधी प्रकरण को स्वीकृति प्रदान की जाकर आधुनिक सुलभ शौचालय का निर्माण किये जाने के निर्देश दिए गए। शासकीय सेवकों की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि (अनुदान) का पुनरीक्षण संबंधित प्रस्ताव अन्तर्गत शासकीय सेवकों की मृत्यु पर पूर्व में 50 हजार रुपए अनुग्रह राशि के रूप में दिए जाते थे। जिसे राज्य शासन द्वारा अप्रेल 2025 में आदेश जारी किया जाकर अनुग्रह राशि में पुनरीक्षण किया जाकर राशि रुपए 1 लाख 25 हजार अनुग्रह अनुदान को स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य शासन के आदेशानुसार एवं एमआईसी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (यथा संशोधित) के प्रावधानों की प्रयोज्यता और धारा 1 (3) 1 (5) के तहत कारखानों और स्थापना के पंजीयन सम्बंधित प्रस्ताव अन्तर्गत निगम के ऐसे कर्मचारी, श्रमिक जिनका वेतन 21000/- से कम है को बीमारी, प्रसव, नि:शक्तता तथा रोजगार चोट के कारण मृत्यु जैसी आकस्मिताओं के प्रभाव से संरक्षित करने तथा बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु कर्मचारी राज्य बीमा अन्तर्गत पंजीयन किये जाने संबंधित प्रस्ताव को एमआईसी में ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की गई।

उज्जैन मतलब गोपाल मंदिर, सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर से मिली जमीन

उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। उसके बाद लगातार यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आ रही है। गोपाल मंदिर क्षेत्र से महाकाल की सवारी भी निकलती है। ऐसे में यहां पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनने से शहर की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। देश विदेश में गोपाल मंदिर का क्षेत्र प्रसिद्ध है और ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी उज्जैन का मतलब गोपाल मंदिर ही समझते हैं और यहां आकर उन्हें आत्मिक शांति प्राप्त होती है। अभी पार्किंग की जो समस्या है वह भी खत्म होगी। यहां पर एक वृहद पार्किंग भी बनाई जाएगी। रीगल टॉकीज की करीब 50000 स्क्वेयर फीट जमीन पर यह वृहद निर्माण किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट से उज्जैन नगर निगम के पक्ष में निर्णय हो चुका है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। गोपाल मंदिर पर यह कॉम्प्लेक्स बनने से कई सारी समस्याएं खत्म होगी, रीगल टॉकीज का पुराना स्ट्रक्चर डिस्मेंटल किया जाएगा। एक कंपनी को डिस्मेंटल हटाने के लिए ठेका दिया था जिसे ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। लगभग 1 करोड़ रुपया उक्त कंपनी का नगर निगम में जमा है। नगर नगर निगम यहां पर दुकान भी किराए से देगा लगभग जी प्लस 3 कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

जूपिटर पर सवार युवक के पास मिला मादक पदार्थ

पुलिस ने गांजा बरामद होने पर 3 दिन की रिमांड पर पूछताछ

उज्जैन। दो पहिया वाहन पर सवार युवक के पास मादक पदार्थ होने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की। युवक को पकड़ा गया तो उसके पास से 11 हजार रुपए कीमत का गांजा बरामद हुआ है। न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है।

नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जुपिटर क्रमांक एमपी 13 झेड बी 3201 पर सवार युवक के पास मादक पदार्थ है। रात 11.30 बजे के लगभग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन फोरलेन पर घेराबंदी की गई। 12 बजे के लगभग घेराबंदी कर जुपिटर चालक के आते ही रोका गया। उसके पास से एक थैली बरामद हुई। जिसमें मादक पदार्थ रखा हुआ था। खोलने पर गांजा होना सामने आया। जुपिटर जब्त कर युवक को थाने लाकर पूछताछ शुरू की गई।

उसने अपना नाम जितेंद्र पिता राम भरोसे मौर्य निवासी बागपुरा हाल मुकाम हाटकेश्वर कॉलोनी होना बताया। पुलिस के अनुसार उसके पास से 1 किलो 180 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है जिसकी कीमत 11 हजार रुपए है। जब्त की गई जुपिटर 60 हजार कीमत की सामने आई है। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया है। दोपहर में न्यायालय पेश कर रिमांड लिया गया।

ड्रग्स तस्करों को भेजा जेल

माकड़ोन पुलिस ने बुधवार रात गुनाखेड़ी मार्ग से बाइक सवार गोपाल राजपूत को गिरफ्तार किया था जिसके पास से 35 ग्राम ड्रग्स बरामद की गई थी। जिसे रिमांड पर लेने पर उसने अपने अपने साथी नागू सिंह चौहान के साथ मिलकर राजस्थान से ड्रग्स लाना बताया। पुलिस ने नागू सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भी मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज किया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

तीन पीढ़ियों से मिट्टी से गणेश की प्रतिमा बनाने वाले त्रिलोक् ठाकुर का किया अभिनन्दन

उज्जैन। तीन पीढ़ियों से कर रहे हैं सेवा लेकिन पहली बार मिला सम्मान यह कहना है त्रिलोक ठाकुर का जो बना रहे हैं तीन पीढ़ियों से मिट्टी के श्री गणेश लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति उज्जैन के सहसंयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिदिन लोकमान्य तिलक गणेशोत्सव महाआयोजन समिति के संयोजक एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के आव्हान पर चलाए जा रहे अभियान में सरस्वती शिशु मंदिर मारुति गंज, माध्मिक विद्यालय पानदरीबा माध्यमिक विद्यालय पीपली नाका माध्यमिक विद्यालय बुधवारिया पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें 1875 बालक बालिका ने अपने हाथों से मिट्टी के श्री गणेश जी की प्रतिमा बनाई और पूजन के लिए अपने घर ले गए। इस अवसर पर पार्षद प्रकाश शर्मा, विजय अग्रवाल, कमल कोठारी, नंदकिशोर बैरागी, संजय राव, धर्मेंद्र परिहार, दीपक वैषणव् गुरुप्रसाद, विशाल पनेरिया, आशीष जाधव महामंत्री गोपाल खटके, अरविंद उपाध्याय, सोनाली जोशी,

अमरिश शुक्ला, रूपेश परमार, अजय जोशी, अशोक माली, मंजू कसेरा, पुर्णिमा भट्ट, ज्योति व्यास, पुनम दुबे, नरेन्द्र राठोर, मदन यादव, शुभम डब्बेवाला, उत्तम दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इसी के साथ शहर में एक साथ 300 पंडालो में एक जैसे मिट्टी से निर्मित गणेश जी के सार्वजनिक पांडाल में बैठाने हेतु प्रतिमाओ के पंजीयन प्रक्रिया कर कीट वितरण की गई।

कार-बाइक भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा युवक घायल

उज्जैन। तेज गति से दौड़ती कार के चालक ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। लोगों ने कार चालक और उसके दो साथियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन तीनों भाग निकले।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि उन्हेल रोड पर तेज गति से दौड़ती कार के चालक ने बाइक से उज्जैन की ओर आ रहे दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार गिर पड़े। चालक ने कार लेकर भागने का प्रयास किया और दोनों पर पहिया चढ़ा दिया। कार अनियंत्रित हो चुकी थी। लोगों ने चालक और उसके दो साथियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन तीनों कार छोड़कर भाग निकले। दुर्घटना में घायल हुए एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ था। लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल लाया गया। इस बीच मृतक और घायल के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी लगी तो अस्पताल पहुंचे। मृतक का नाम इकबाल पिता चांद खान 45 वर्ष और घायल मनीष पिता दिलीप 20 वर्ष निवासी ग्राम खलाना होना सामने आया। परिजनों ने बताया कि दोनों खेती किसानी का काम करते हैं और खरीदारी के लिए उज्जैन आ रहे थे। भैरवगढ़ पुलिस के अनुसार मामले में दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर दिया गया है। कार नंबर के आधार पर चालक और उसके साथियों की तलाश की जा रही है। मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंपा गया है।

गिरफ्त में नहीं आया ठेकेदार पर हमला करने वाला एक आरोपी

उज्जैन। 14 अगस्त की शाम बच्चा जेल के पीछे डी-मार्ट मार्ग पर ठेकेदारी करने वाले युवक पर कातिलाना हमला हुआ था। पुलिस ने चार हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन पांचवा आरोपी गिरफ्त से दूर बना हुआ है। हमले के दौरान फुटेज में युवती दिखाई दी थी, उसका पता भी नहीं चल पाया है।

नागझिरी थाना क्षेत्र में 14 अगस्त की देर शाम आगर के रहने वाले पप्पू गौसर पर बच्चा जेल के पीछे डी-मार्ट मार्ग पर चाकूओं से कातिलाना हमला हुआ था। पप्पू निजी अस्पतालों में सफाई के ठेके लेता है। जिसकी हालत गंभीर होने पर उसे इंदौर रैफर किया गया है। पुलिस ने हमला स्थल के आसपास कैमरे खंगाले थे। जिसमें 5 युवक और एक युवती दिखाई दिये थे। 16 अगस्त को हमले का मुख्य आरोपी सुमित उर्फ राजा निवासी अमरदीप नगर को नीलगंगा पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नागझिरी पुलिस ने उसका कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया है। उसके बाद नागझिरी पुलिस ने फरार चल रहे, सोनू उर्फ संजू काछी निवासी एकतानगर को पकड़ा वहीं अंशुल प्रजापत भी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। हमले में फरार चौथा आरोपी राहुल नेपाली निवासी एकता नगर भी पकड़ा जा चुका है। चार आरोपियों की गिरफ्तारी होने पर उन्हे जेल भेजा गया है। अब पांचवा आरोपी गिरफ्त से दून बना हुआ है। जिसकी तलाश जारी है। हमले के बाद पुलिस को घटनास्थल फुटेज मिले थे। जिसमें एक युवती दिखाई दी थी। जिसकी पहचान करने पर मालनवास की रहने वाली सामने आई थी, लेकिन वह भी घटना दिनांक से गायब है। पुलिस उसे भी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी कमल निगवाल का कहना था कि युवती के मिलने पर उसे भी आरोपिया बनाया जा सकता है।

हमले के मुख्य आरोपी सहित 3 गिरफ्तार

उज्जैन/घट्टिया। गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपने घर जा रहे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि ईश्वरसिंह कराड़ा पर सामने से गाड़ी भिडाकर हमला करने वाले मुख्य आरोपित सहित तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक अन्य आरोपित की तलाश जारी है। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर घटना के मुख्य आरोपित सतीश मीणा व उसके हमलावर साथी प्रशांत जायसवाल, गणेश मालवीय एवं एक नाबालिक कुल चार आरोपितों को पुलिस ने देर रात गरोठ हाइवे के समीप कमेड पुलिया के नीचे राजस्थान तरफ से उज्जैन तरफ वापस आते हुए घेराबंदी कर पकड़ा। अन्य एक आरोपी प्रकाश मीणा की तलाश जारी है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन सहित हथियार भी जब्त किए।

व्रत त्योहार प्रारंभ | **मंदिर प्रबंध समिति ने 31 अगस्त तक कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए**

श्रावण के बाद अब महाकाल मंदिर में 17 से उमा-सांझी उत्सव

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर में श्रावण उत्सव संपन्न होने के बाद अब उमा-सांझी उत्सव मनाया जाएगा। यह 17 सितंबर से शुरू होगा एवं 21 सितंबर तक चलेगा। इसमें मंदिर प्रबंध समिति ने सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों से ऑनलाइन आवेदन बुलाए गए है।

समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि अश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी से अश्विन शुक्ल द्वितीया तक श्राद्ध पक्ष के दौरान मंदिर में परंपरागत रूप से उमा-सांझी उत्सव मनाया जाएगा। इच्छुक कलाकार वेबसाईट 222.ह्यद्धह्वद्बड्डद्धड्डद्मड्डद्यद्गह्यद्ध2ड्ड

ह्.ष्यद्व पर दी गई गूगल फॉर्म की लिंक पर अपनी प्रविष्टि दे सकते हैं जो 31 अगस्त की शाम 5 बजे तक दी जा सकेगी।

इधर भादो शुक्ल चतुर्थी 27 अगस्त को गणेश जी की स्थापना शुभ मुर्हूत में की जाएगी। संयोग से इस दिन बुधवार है जो कि गणेशजी का ही वार है। चित्रा नक्षत्र, शुभ योग और विष्टिकरण का भी विशेष संयोग रहेगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि चतुर्थी वाले दिन तुला राशि का चंद्रमा रहेगा जो सकारात्मक प्रभाव डालेगा। परंपरा अनुसार इस दिन चंद्र दर्शन वर्जित माना गया है। मान्यता है कि चंद्रमा को देखने से व्यक्ति पर झूठे आरोप लग सकते हैं।

सुप्रभात योग ने मनाया श्री कृष्ण जन्मोत्सव, कान्हा ने फोड़ी मटकी

उज्जैन। सुप्रभात योग द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें कान्हा ने मटकी फोड़ी, वहीं सभी सखियों ने भजन और नृत्य किया। सुप्रभात की अध्यक्ष लता अग्रवाल ने बताया कि कृष्ण के रूप में ध्रुवी अग्रवाल ने मटकी फोड़ी। इस दौरान अनिला भदोरिया, रेखा जायसवाल, कविता गर्ग, अलका गोयल, रेनू मैदावाला, रश्मि पोरवाल, रितु अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सरोज कांडी, कांता अग्रवाल, भावना नागर, सावित्री परमार, सुनीता शुक्ला सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

कालभैरव मंदिर पर मिला जबलपुर का बालक

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना एसआई शोभाराम किरार और आरक्षक अजय चौहान को काल भैरव मंदिर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था में तैनात थे। उसी दौरान एक बालक मंदिर के आसपास बदहवास हालत में घूमता दिखाई दिया। कुछ देर नजर रखने के बाद एसआई किरार ने बालक से पूछताछ की। उसने अपना नाम विकास पिता सुनील सेन 14 साल निवासी ग्राम घुंगरीकला जबलपुर होना बताया। उज्जैन आने की वजह पूछने पर कुछ नहीं बताई। परिजनों का संपर्क नम्बर लेकर चर्चा की गई तो सामने आया कि 17 अगस्त से लापता है। उसे डांट दिया था, जिसके चलते घर छोड़कर चला गया था। उसकी गुमशुदगी जबलपुर के थाना मझगवां में दर्ज कराई गई है। बालक के सुरक्षित मिलने की सूचना परिजनों को दी गई है। सोमवार शाम तक परिजन उज्जैन पहुंचेंगे। फिलहाल बालक बालगृह भेजा गया है।